## निदेशक का संदेश:



"भारतीय भाषाएं शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे शिक्षा में समानता को सुदृढ़ बनाती हैं। भारतीय भाषाओं की पृष्ठभूमि वाले छात्रों को अंग्रेजी भाषा–आधारित पाठ्यक्रम सामग्री को आत्मसात करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और परिणामस्वरूप अक्सर शैक्षिक और सामाजिक एकाकीपन का सामना करना पड़ता है। शिवानी केंद्र की स्थापना से आई आई टी कानपुर परिसर की शैक्षिक प्रथाओं में एक आदर्श बदलाव आने की उम्मीद है। यह संस्थान में हिंदी और अन्य भारतीय भाषा–भाषी पृष्ठभूमि के छात्रों के बीच निर्बाध एकीकरण को सुनिश्चित करेगा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) २०२० में निर्धारित उद्देश्यों को पूरा करेगा। मैं, केंद्र की स्थापना के हेतु इस उदार दान के लिए हमारे विशिष्ट पूर्व छात्र श्री मिकी पंत का आभारी हूँ।" –अभय करंदीकर, निदेशक, आई आई टी कानपुर

## Director's Message:

"Indian languages are important for educational and cultural development as they strengthen equity in education. Students with Indian languages background face challenges in navigating the English language-based course content and often face academic and social exclusion as a result. Shivani Centre is expected to bring about a paradigm shift in the educational practices on the campus of IIT Kanpur. It will ensure seamless integration of students of background in Hindi and Other Indian Languages (OILs) at the institute and will fulfil the objectives laid out in National Education Policy (NEP) 2020. I am grateful to our Distinguished Alumnus Mr. Micky Pant for his generous donation for setting up the Centre." -Abhay Karandikar, Director, IIT Kanpur

## समन्वयक का संदेश:



शिवानीः हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं को संपोषण एवं समन्वय केन्द्र के इस प्रथम खंड सूचनापत्र का उद्‌घाटन करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। शिवानी केंद्र आई आई टी कानपुर आने वाले छात्रों को सौम्य वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तीन आयामी दृष्टिकोण हैं: (i) कार्यशालाओं, पुस्तक मेलों, संगोष्ठियों और कार्यक्रमों के आयोजन से हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं के समृद्ध साहित्य–भंडार एवं रचनात्मक संस्कृति से सभी का परिचित होना एवं उसका लाभ उठाना। (ii) हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में शैक्षणिक सामग्रियों का सृजन और अनुवाद करना। (iii) तकनीकी क्षेत्र (जैसेः नए हिंदी फ़ॉन्ट का डिजाइन या स्वतः भाषा सुधार, आदि) में और प्रचलित हिंदी–आधारित सॉफ्टवेयर के उपयोग को और आगे बढ़ाने में पर्याप्त योगदान प्रदान करने की परिकल्पना करना। शिवानी सेंटर का उद्देश्य भारतीय रचनात्मकता को बढ़ावा देना तथा हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में वैचारिक आदान–प्रदान के समय गर्व और आत्मविश्वास पैदा करना है।

शिवानी सेंटर श्री मिकी पंत को उनके उदार दान के प्रति सहृदय आभार व्यक्त करता है। हम आई आई टी कानपुर समुदाय के सभी परिवार के सदस्यों से आग्रह करते हैं कि वे इस केंद्र के साथ जुड़ें। यदि आपको सहायता की आवश्यकता है तो इसका लाभ उठाएँ अथवा यदि आप इस केंद्र के संवर्धन में अपना योगदान दे सकते हैं तो आप अपने मूल्यवान समय का योगदान दें। आपकी एक छोटी सी मदद वास्तव में किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। –कांतेश बालानी, समन्वयक, शिवानी सेंटर, आई आई टी कानपुर

## Coordinator's Message:

I am delighted to release this very first newsletter of Shivani Centre for Nurture and Reintegration of Hindi and Other Indian Languages committed to serve as the focal point of a soft landing to the students of IIT Kanpur. Its three pronged approach rests on: (i) serving as ice-breaker by organizing workshops, book-fairs, seminars, and events in order to help one appreciate the richness the Hindi and other Indian languages, (ii) creating pedagogical content in Hindi and other Indian languages, and (iii) creating tools such as auto-correction for Hindi and other Indian languages and advancing the use of Hindi-based software. Shivani Centre aims to promote language creativity and inculcate pride and self-confidence while communicating in Hindi and other Indian languages.

Shivani Centre extends a sincere gratitude to Mr. Micky Pant for his generous donation. We urge all the family members of IIT Kanpur community to participate and engage either by seeking help from the Centre, in case you need it, or by contributing your valuable time to help others. Your small help can indeed make a big difference in one's life. - Kantesh Balani, Coordinator, Shivani Centre @ IIT Kanpur

# दान प्रदाता एव स्वर्गीय श्रीमती शिवानी जी के विषय में
## About the Donor and Late smt. Shivani

### दाता की ओर से सन्देश:

मिकी और विनीता चौरिटेबल फंड के संस्थापक मिकी पंत ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "यद्यपि भाषाओं का ज्ञान होना हमेशा अच्छा माना जाता है परंतु, अंग्रेजी–भाषा में अच्छा प्रवाह का होना ही इंजीनियरिंग विधा में शीर्ष शिक्षा प्राप्त करने का मानक बने ऐसा नहीं होना चाहिए। आई आई टी कानपुर ने हमेशा शैक्षिक नवीनीकरण में नेतृत्व प्रदान किया है और मुझे उम्मीद है कि वह अब हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के संपोषण एवं समन्वय के क्षेत्र में भी नेतृत्व प्रदान कर सकता है और भविष्य के लिए एक ऐसा प्लेटफार्म तैयार कर सकता है जहां अंग्रेजी–भाषा में उचित प्रवाह न होने के बावजूद डिजिटल तकनीक को आत्मसात करने में छात्रों को सुविधा प्रदान करें और उनको इंजीनियरिंग–विधा में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करें। मेरी माँ, शिवानी जी हिंदी, बांग्ला और गुजराती में पारंगत थीं और मैं हमेशा उनकी सांस्कृतिक बारीकियों और कई भाषाओं की समृद्ध शब्दावली से प्रेरित होता था, बावजूद इसके वे हमेशा हिंदी–भाषा पर गर्व करती थीं। हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं कि आई आई टी कानपुर इस केंद्र को शिवानी जी के नाम पर स्थापित कर रहा है, और मेरी बहनें वीना जोशी, मृणाल पांडे और इरा पांडे इस केंद्र को विकसित और समृद्ध होते देखना चाहती हैं और संस्थान के सपने को पूरा करना चाहती हैं।" – मुक्तेश (मिकी) पंत

### Message from Donor:

Mr. Micky Pant Founder, Micky and Vinita Charitable Fund said "While knowledge of languages is always good, fluency in English should not be a factor in getting a top education in engineering. IIT Kanpur has always led the way in academic innovation and I hope that they can now lead the way to nurture Hindi and other Indian languages and prepare for a future where digital technology allows students to excel in engineering irrespective of their fluency in English. My mother, Shivani ji was fluent in Hindi, Bangla and Gujarati and I was always inspired by her grasp of cultural nuances and her rich vocabulary from multiple languages, but she was always proud of Hindi. We are honored that IIT Kanpur is naming the centre after Shivani ji, and my sisters Veena Joshi, Mrinal Pande and Ira Pande look forward to seeing the centre grow and prosper and fulfil the Institute's vision." - Muktesh (Micky) Pant



### दान प्रदाता का परिचय: श्री मुक्तेश पंत (मिकी पंत):

श्री मुक्तेश पंत आई आई टी कानपुर के पूर्व छात्र हैं। १९७६ में, उन्होंने केमिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने भारत और यूनाइटेड किंगडम में यूनिलीवर में विभिन्न कार्यकारी क्षमताओं में काम किया है और विपणन और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में एक मजबूत आधार बनाया है। २००३ में, उन्हें ऐडवीक पत्रिका द्वारा ''इंटरैक्टिव मार्केटर ऑफ द ईयर'' के रूप में मान्यता दी गई थी। वह 'इंडियन ट्रेड पॉलिसी' के सदस्य रहे हैं और १९९९ में 'इंडिया टुडे' के द्वारा उन्हें 'वन ऑफ द फेसेज ऑफ द मिलेनियम' घोषित किया गया है। श्री मुक्तेश पंत वर्तमान में 'बियॉन्ड मीट' में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं।

### About the Donor: Mr. Muktesh Pant (Micky Pant):

Mr. Muktesh Pant is an alumunus of IIT Kanpur. He graduated from IIT Kanpur with a degree in chemical engineering in 1976. He has worked in various executive capacities at Unilever in India and the United Kingdom and has built a strong foundation in marketing and international business. In 2003, he was recognized as the interactive marketer of the year by AdWeek magazine. He has been a member of the Indian Trade Policy, Govt. of India, and in 1999, India Today declared him as 'One of the faces of the Millennium.' Mr. Pant currently serves as a Senior Advisor at Beyond Meat.

### स्वर्गीय श्रीमती गौरा पंत (शिवानी):



श्रीमती गौरा पंत जी को शिवानी के नाम से जाना जाता है। वह हिंदी साहित्य की एक संस्था रहीं हैं और उन्हें २०वीं शताब्दी के सबसे लोकप्रिय हिंदी लेखकों में से एक माना जाता है। उन्हें वर्ष १९८२ में हिंदी साहित्य में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

हमारे पूर्व छात्र श्री मुक्तेश (मिकी) पंत (बीटी/सीएच/७६) ने अपनी दिवंगत मां स्वर्गीय श्रीमती गौरा पंत जी की स्मृति में आई आई टी कानपुर मे शिवानी केंद्र की स्थापना की थी। केंद्र की सीापना ०२ नवम्बर २०२१ को 'मिकी एंड विनीता चौरिटेबल फाउंडेशन' की ओर से १० लाख अमेरिकी डॉलर के अनुदान के साथ की गई थी।

### About Late Smt. Gaura Pant (Shivani):

Smt. Gaura Pant is better known as Shivani. She is regarded as one of the most prominent Hindi writers of the twentieth century. In 1982, the Government of India honoured her with the Padma Shri award for her contributions to Hindi literature.

In remembrance of his late mother, Mrs. Gaura Pant, our alumnus Mr. Muktesh (Micky) Pant (BT/CH/76) has established Shivani Centre at IIT Kanpur. The Centre was established on 02 November 2021, with a grant of USD 1 million from the Micky and Vinita Charitable Foundation.

## वसंत काव्योत्सव (अप्रैल ५, २०२२) :

वसंत काव्योत्सव, हिंदी साहित्य सभा, राजभाषा प्रकोष्ठ और शिवानी केंद्र द्वारा अप्रैल ५, २०२२ को आई आई टी कानपुर के 'आउटरीच ऑडिटोरियम' में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अर्क वर्मा और श्री कृष्ण कुमार तिवारी थे। वसंत काव्योत्सव ने परिसर के निवासियों सहित सभी कलाकारों को अपनी हिंदी कविता पाठ प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम में छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों सहित बारह कवियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों द्वारा दी गई प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा।






## Vasant Kavyotsav (April 5, 2022):

The Vasant Kavyotsav poetry event was conducted on April 5, 2022 in the Outreach Auditorium of IIT Kanpur, and was jointly organized by Student Hindi Sahitya Sabha, Rajbhasha Prakoshtha, and Shivani Centre. Prof. Ark Verma and Shri Krishna Kumar Tiwari were the chief guests at the event. The 'Vasant Kavyotsav' gave a stage to all the artists among the campus residents to showcase their Hindi poetry recital skills. The event featured twelve poets, including students, employees, and faculty. The performance of the participants was greatly appreciated by the audience.






## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (फरवरी २१, २०२२):


अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस कार्यक्रम का आयोजन फरवरी २१, २०२२ को 'ऑनलाइन प्लेटफॉर्म' पर किया गया था। इसकी सह–मेजबानी प्रो. एस.एस.के. अय्यर और प्रो. अर्नब भट्टाचार्य द्वारा की गयी थी। इस आयोजन का विषय था ''हम भाषाएं भले ही अलग–अलग बोलें, परन्तु हिस्सा हम एक ही मानवता के हैं।'' इस आयोजन का उद्देश्य आई आई टी कानपुर के निवासियों द्वारा बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं की विविधता को सराहना और इस संदेश को उजागर करना था कि विभिन्न प्रकार की भाषाएं, हमें दुनिया के विभिन्न स्थानों की विविध संस्कृति और विरासत से जोड़ती हैं और इस प्रकार प्रत्येक भाषा का अपना महत्व होता है और इसलिए मातृभाषा सभी को प्रिय है। इस आयोजन में भारत देश में बोली जाने वाली कुछ भाषाएँ, जैसे – असमिया, बंगाली, हिंदी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू आदि का वक्ताओं द्वारा संक्षिप्त में विवरण दिया गया था। इस कार्यक्रम में आई आई टी कानपुर के कई छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों द्वारा दी गई प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा।

## International Mother Language Day (February 21, 2022):

The International Mother Language Day event was held on an internet platform on February 21, 2022. It was co-hosted by Prof. S.S.K. Iyer and Prof. Arnab Bhattacharya. The theme for the event was "We may speak different languages, but we are part of the same humanity." The purpose of the event was to celebrate the diversity of languages spoken by IIT Kanpur residents and to emphasize the message that a language connects us with diverse cultures and heritages of different parts of the world. Thus, each language has its own significance and therefore, mother tongue is dear to everyone. In this event, some of the languages that were briefly described by the participants are - Assamese, Bengali, Hindi, Sanskrit, Sindhi, Tamil, Telugu, Urdu etc. This event featured students, employees, and faculty members as speakers. The performance of the participants was greatly appreciated by the viewers.

Video Link: https://www.youtube.com/watch?v=tbWso8Orhyw






# शिवानी केंद्र मे गतिविधियां
# Activities at Shivani Centre

## शिवानी केंद्र के विषय में

शिवानी केंद्रः हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं का संपोषण एवं समन्वय केंद्र आई आई टी कानपुर में आनेवाले छात्रों को सौम्य वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस केंद्र का उद्देश्य दूरस्थ स्थानों से आने वाले आई आई टी कानपुर के छात्रों के साथ सक्रिय रूप से जुड़कर भाषा के स्तर पर सहायता प्रदान करना है। साथ ही समानांतर गतिविधि के रूप में शिवानी केंद्र, हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में शैक्षणिक विषयों को बनाने अथवा अनुवाद करने के लिए संकाय सदस्यों और ट्यूटर्स को समान रूप से प्रेरित कर रहा है। कार्यशालाओं, पुस्तक मेलों, संगोष्ठियों और कार्यक्रमों का आयोजन भी इस केंद्र का प्रमुख उद्देश्य है ताकि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के समृद्ध साहित्य–भंडार एवं रचनात्मक संस्कृति से सभी परिचित हो सकें एवं उसका लाभ उठा सकें। इसके अलावा, विभिन्न इन–हाउस प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी भाषायी रचनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा तथा हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में वैचारिक आदान–प्रदान के समय गर्व और आत्मविश्वास की अनुभूति होगी।

## ABOUT SHIVANI CENTRE:


Shivani Centre for Nurture and Reintegration of Hindi and Other Indian Languages is committed to serve as the focal point of a soft landing to the students of IIT Kanpur. This centre aims to actively engage with the IIT Kanpur students, arriving from remote locations, and provide language assistance. In parallel, Shivani centre strives to encourage faculty members and tutors alike to create pedagogical content in Hindi and other Indian languages. Shivani centre also aims to organize workshops, book-fairs, seminars, and events in order to help one appreciate the richness that is present in Hindi and other Indian Languages. Additionally, various in-house competitions are also expected to foster language creativity and instil pride and self-confidence while communicating in Hindi and other Indian languages.

## श्रीमती मृणाल पण्डे पॉडकास्ट (Mrs. Mrinal Pande Podcast)

पद्मश्री मृणाल पांडे के जीवन पर पोडकास्ट शिवानी सेंटर की वेबसाइट पर अपलोड किया है।

The podcast on Padmashri Mrinal Pande's life is uploaded on Shivani Centre website

लिंक / Link: https://iitk.ac.in/shivani-centre/useful-links.php




## हिन्दी में पाठ्यक्रम (Courses in Hindi)

प्रो. टी. सरकार द्वारा PHY102A PHYSICS-I (भाग–II) का हिंदी अनुवादित सारांश सकारात्मक रूप को सराहा गया है।

The Hindi translated summary of PHY102A PHYSICS-I (Part-II) by Prof. T. Sarkar has been very positively received.

(सप्ताह 1) Week 1: https://www.youtube.com/watch?v=-xu87KQA_ik


(सप्ताह 2) Week 2 : https://www.youtube.com/watch?v=Ge7JkuVemBU

(सप्ताह 3) Week 3 : https://youtu.be/cpQXrsEogZs

(सप्ताह 4) Week 4 : https://youtu.be/bk6QjjrGMUk

(सप्ताह 5) Week 5 : https://youtu.be/DFn70G9s_bo

(सप्ताह 6) Week 6 : https://youtu.be/Uj-SsedaW40




## हिन्दी सीखें (Learning Hindi)

कुछ वीडियो तैयार किए गए हैं जिनमें मूल व्याकरण की अवधारणाओं को हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में समझाया गया है। निम्नलिखित वीडियो क्लिप वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं।:

A few videos are prepared in which concepts of basic grammar have been explained in both Hindi and English languages. The following video clips have been uploaded on the website:

संज्ञा / Noun (~7 mins): परिभाषा / Definition, https://www.youtube.com/watch?v=8VgO5MxmFYM
संज्ञा / Nouns (~40 mins): भेद एवं उदाहरण / Types and examples, https://youtu.be/h62mf3qUR9I
विशेषण / Adjectives (~35 mins): परिभाषाए भेद एवं उदाहरण / Definition, types and examples, https://youtu.be/AGD2dUXY2tU
सर्वनाम / Pronouns (~ 30 mins): परिभाषाए भेद एवं उदाहरण / Definition, types and examples, https://youtu.be/OzWnnRK45RU

# समितियाँ / COMMITTEES

## सलाहकार समितियां (Advisory Committees)



सुश्री मृणाल पांडे
(श्री मुक्तेश पंत द्वारा मनोनीत सदस्य)
भारतीय टेलीविजन की प्रसिद्ध व्यक्तित्व, पत्रकार एवं लेखिका तथा 2009 तक हिंदी दैनिक समाचार–पत्र हिंदुस्तान की पूर्व–मुख्य सम्पादक

**Ms. Mrinal Pande**
Nominee of Mr. Muktesh Pant (Indian television personality, journalist and author, and ex-chief editor of Hindustan (until 2009) Hindi daily newspaper)



प्रो. शलभ
अधिष्ठाता, अकादमिक कार्य, पदेन
आई आई टी कानपुर

**Prof. Shalabh**
DoAA (Dean, Academic Affairs), ex-officio IIT Kanpur



श्री नीलेश मिश्रा
(भारतीय पत्रकार, लेखक, रेडियो पर कहानी–वक्ता संवाद–लेखक एवं गीतकार)
गाँव कनेक्शन के सह– संस्थापक– संपादक संस्थापक:कंटेंट प्रोजेक्ट प्रा.लि.

**Mr. Neelesh Mishra**
(Indian journalist, author, radio storyteller, scriptwriter and lyricist)
Co-founder-editor of Gaon Connection Founder: Content Project Pvt. Ltd



प्रो. टी. वी. प्रभाकर
आई आई टी कानपुर

**Prof. T.V. Prabhakar**
IIT Kanpur



प्रो. अचला रैना
आई आई टी कानपुर

**Prof. Achla Raina**
IIT Kanpur



प्रो. अर्क वर्मा
निदेशक–नामिनी (शिवानी केंद्र: सह– समन्वयक, पदेन), आई आई टी कानपुर

**Prof. Ark Verma**
Director's nominee (Shivani Centre Co-coordinator, Ex-officio) IIT Kanpur



प्रो. कांतेश बालानी (संयोजक)
शिवानी केंद्र, समन्वयक, आई आई टी कानपुर
अधिष्ठाता, संसाधन एवं पूर्व–छात्र, पदेन आई आई टी कानपुर

**Prof. Kantesh Balani**
Shivani Centre Coordinator IIT Kanpur
DoRA (Dean, Resource and Alumni), ex-officio IIT Kanpur



प्रो. ऐ आर हरीश (अध्यक्ष)
अधिष्ठाता, अनुसंधान एवं विकास, पदेन आई आई टी कानपुर

**Prof. A. R. Harish (Chair)**
DoRD (Dean, Research & Development), ex-officio IIT Kanpur

## संचालन समितियां (Steering Committees)



प्रो. संतोश मिश्रा
जैविक विज्ञान और बायोइंजीनियरिंग आई आई टी कानपुर

**Prof. Santosh Misra**
Biological Sciences & Bioengineering, IIT Kanpur



प्रो. रमेश रामपनिकर
रसायन, आई आई टी कानपुर

**Prof. Ramesh Ramapanicker**
Chemistry, IIT Kanpur



प्रो. अर्णव भटट्राचार्य
संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, आई आई टी कानपुर

**Prof. Arnab Bhattacharya**
Computer Science and Engineering, IIT Kanpur



प्रो. नाचिकेता तिवारी
यांत्रिक अभियांत्रिकी, आई आई टी कानपुर

**Prof. Nachiketa Tiwari**
Mechanical Engineering, IIT Kanpur



प्रो. अर्क वर्मा
(सह-समन्वयक) मानविकी और सामाजिक विज्ञान, आई आई टी कानपुर

**Prof. Ark Verma**
(Co-Coordinator) Humanities & Social Sciences, IIT Kanpur



प्रो. कांतेश बालानी
(समन्वयक) पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, आई आई टी कानपुर

**Prof. Kantesh Balani**
(Coordinator) Materials Science and Engineering, IIT Kanpur

## स्टाफ–सदस्य (Staff Members)



सुश्री मैत्रेयी अग्रवाल
(परियोजना प्रबंधक)

**Ms. Maitreyi Agarwal**
(Project Manager)



श्री सुधांशु गौतम
(परियोजना सहयोगी)

**Mr. Sudhanshu Gautam**
(Project Associate)



श्री जगदीश प्रसाद
(तकनीकी अधीक्षक)

**Mr. Jagdish Prasad**
(Technical Superintendent)



डॉ वेदप्रकाश सिंह
(संयुक्त कुलसचिव)

**Dr. Ved Prakash Singh**
(Joint Registrar)



सुश्री अल्पना दीक्षित
(उप परियोजना प्रबंधक)

**Ms. Alpana Dixit**
(Project Staff)


## संपर्क करें

पता: पी ई बी स्कूल, शीर्ष मंजिल
ब्लॉक–एफ (भूतपूर्व पी ई बी मीडिया लैब, ब्लॉक–बी)
आई आई टी कानपुर, उत्तर प्रदेश, भारत – २०८०१६

दूरभाष: ९१ –५१२ –१५९ –७०७४ (कार्यालय) ईमेल: shivanioffice@iitk.ac.in

## Contact

Address: Top-floor of PEB School
Block-F (earlier PEB Media Lab, Block-B)
IIT Kanpur, Uttar Pradesh, India - 208016

Tel. number: +91-512-159-7074 (office), email : shivanioffice@iitk.ac.in


**Jagriti means awakening and awareness.** **जागृति का अर्थ जागरूकता और सतर्कता है।**




सम्पादन सहयोग: प्रो. अर्क वर्मा, प्रो. कांतेश बालानी, सुश्री मैत्रेयी अग्रवाल अभिकल्प सहयोग: सुश्री अल्पना दीक्षित, श्री गोविन्द
**Edited by:** Prof. Ark Verma, Prof. Kantesh Balani, Ms. Maitreyi Agarwal **Designed by:** Mrs. Alpana Dixit, Mr. Govind